



# 3 घरों से जेवरात-नकदी चुराने वाला बदमाश पकड़ा

**माल जप्त, पोरसा क्षेत्र में बीते दिनों हुई थी चोरी की तीन वारदातें**

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 अप्रैल।** बीते दिनों कस्बा पोरसा में अलग-अलग जगहों पर हुई चोरी की तीन वारदातों को पुलिस ने ट्रेस कर लिया है। पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चुराए गए जेवरातों समेत 3 लाख 55 हजार रूपये का माल मशरुका बरामद किया है।

जानकारी के अनुसार बीते दिनों हुई चोरी की तीन वारदातों को ट्रेस करने के लिए पुलिस टीम लगातार पड़ताल कर रही थी। 12 अप्रैल को पुलिस ने संदेह के आधार पर दिनेश पुत्र जगबहादुर शाक्य निवासी संतोष नगर बीटीआई रोड भिंड को हिरासत में लिया। पूछताछ के दौरान दिनेश ने तीन घरों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया जाना कुबूल कर लिया। पुलिस ने दिनेश की निशानदेही पर तीनों घरों से चुराए गए सोना-चांदी के जेवरातों सहित 3 लाख 55 हजार का माल बरामद कर लिया है। कार्रवाई करने वाली टीम में निरीक्षक दिनेश सिंह कुशवाह, एसआई दुर्गेश सिंह, एएसआई आरडी इंदौरिया, प्र.आर. महेश, किशन, आरक्षक सीताराम, पुष्पेन्द्र, सतीश, विपिन, बृजेश, उपेन्द्र शामिल थे।



# जिपं सीईओ ने ट्रैक्टर चलाकर की सफाई, किया श्रमदान

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 अप्रैल।** मप्र सरकार द्वारा 30 जून तक संचालित किए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गांव-गांव में जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन हेतु व्यापक कार्य किए जा रहे हैं।

**जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत देवरी गांव में आयोजन**

इसी क्रम में रविवार को जिला पंचायत के सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ने मुरैना जनपद की ग्राम पंचायत देवरी में तालाब गहरीकरण एवं सफ ाई कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्वयं श्रमदान करते हुए फ ावड़ा चलाया तथा ट्रैक्टर चलाकर सफाई कार्य में सक्रिय सहभागिता निभाई। उनके इस प्रयास से उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं ग्रामीणों में उत्साह का संचार देखने को मिला। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, एवं संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

**वनरक्षक हत्याकांड**

# ट्रैक्टर मालिक पवन तोमर गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 अप्रैल।** विगत 8 अप्रैल को दिमनी क्षेत्र के रानपुर में चंबल नदी की रेत से भरे ट्रेक्टर-ट्रॉली से कुचलकर वनरक्षक हरिकेश गुर्जर की हत्या किए जाने के मामले में

**ट्रैक्टर ड्राईवर की तलाश में जुटी पुलिस टीम, 10 हजार ईनाम घोषित**

दिमनी पुलिस ने ट्रेक्टर मालिक भाजपा नेता पवन तोमर पुत्र मानसिंह तोमर निवासी बीलपुर कुथियाना को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। जिससे घटना को लेकर पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है।



पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वनरक्षक हत्याकांड का मुख्य आरोपी ट्रेक्टर ड्राईवर अब तक पुलिस की पहुंच से दूर बना हुआ है। उसकी तलाश में पुलिस टीमें लगातार ताबड़तोड़ दविश दे रहीं है। फरार ड्राईवर की गिरफ्तारी पर पुलिस की ओर से 10 हजार रूपये का ईनाम भी घोषित किया गया है।

# महात्मा फुले कुरीतियों के विरुद्ध संघर्ष के प्रेरणा स्त्रोत

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 अप्रैल।** समाज में लंबे समय से व्याप्त कुरीतियों, जातिगत भेदभाव और नारी अशिक्षा के खिलाफ संघर्ष की बात हो तो

**बिस्मिल संस्थान ने मनाई महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती**

महात्मा ज्योतिबा फुले का नाम सबसे आगे आता है। उनका स्पष्ट संदेश था कि शिक्षा ही व्यक्ति के सामाजिक, आर्थिक और वैचारिक उत्थान की सबसे मजबूत कुंजी है। महात्मा फुले



सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष के प्रेरणा स्त्रोत है। युवा उनसे प्रेरणा लेकर देश व समाज को बुराइयां से मुक्त करने का संकल्प लें।

यह विचार बिस्मिल फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. नरेश सिंह सिकरवार ने व्यक्त किए। डॉ. सिकरवार बिस्मिल जनकल्याण सेवा संस्थान द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के उपलक्ष्य में ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित संगठन कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर समाज के प्रबुद्ध नागरिक, शिक्षक एवं संस्थान के सदस्य मौजूद रहे। सभी ने महात्मा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर डॉ. सिकरवार ने कहा कि आदर्श शिक्षक के रूप में महात्मा फुले ने शिक्षित व समरस समाज के निर्माण का सपना देखा था। धार्मिक रूढ़िवादिता, छुआछूत रहित समतामूलक समाज की स्थापना, जाति व वर्ग भेद मुक्त समाज का निर्माण सभी को शिक्षा के समान अवसर मिलने से संभव है। वक्ताओं ने कहा कि अशिक्षा ही हर अन्याय की जड़ है। इसलिए यदि समाज को पूरी तरह बदलना है, तो हर वर्ग को, हर जाति को और हर महिला को शिक्षा के समान अवसर देने होंगे। कार्यक्रम में विमलेश कुमार यादव, डॉ. हरेंद्र सिंह तोमर, रघुराज परमार, रामावतार सिंह चंबल, जगदीश शर्मा, कमलेश शर्मा, प्रदीप शर्मा, जगदीश शर्मा, सतंजय मिश्रा, जगमोहन सेमिल मौजूद रहे।

# अजय जिलाअध्यक्ष, मितेश माहेश्वरी सभा के सचिव चुने गए



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 अप्रैल।** जिला माहेश्वरी सभा के 31 वें सत्र 2026 से 2029 के लिए पदाधिकारियों के गठन की प्रक्रिया 12 अप्रैल को संपन्न हुई। इस मौके पर पर्यवेक्षक के रूप में नवीन डागा ग्वालियर विशेष रूप से उपस्थित थे। महासभा के कार्यकारी मंडल

**31वें सत्र के लिए माहेश्वरी सभा की कार्यकारिणी का निर्वाचन आयोजित**

सदस्य आशुतोष माहेश्वरी, संजय माहेश्वरी, राजेश राठी की उपस्थिति में पदाधिकारियों के निर्वाचन की प्रक्रिया आपसी समन्वय से संपन्न हुई। जिसमें अजय माहेश्वरी को जिला सभा का अध्यक्ष चुना गया। जबकि मितेश माहेश्वरी को सचिव का दायित्व सौंपा गया है।

कार्यक्रम में बतौर निर्वाचन अधिकारी रामकुमार माहेश्वरी एडवोकेट उपस्थित थे। इस मौके पर वक्ताओं ने माहेश्वरी समाज की सेवा, त्याग एवं सदाचार की परंपरा पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज का प्रत्येक कार्यकर्ता इन मूल्यों को आत्मसात कर संगठन को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाए। समाज के प्रदेशाध्यक्ष ने विचार रखते हुए कहा गया कि संगठन में वही व्यक्ति पदाधिकारी बने, जो एक समर्पित कार्यकर्ता के रूप में समाज सेवा में सक्रिय रहा हो। उन्होंने आगे कहा कि जो भी सदस्य आगे आना चाहते हैं, उनका स्वागत है, किंतु पद ग्रहण करने से पूर्व आत्ममंथन आवश्यक है कि उन्होंने संगठन के विकास में अपना योगदान किस रूप में दिया है। महासभा कार्यकारी मंडल सदस्य संजय माहेश्वरी एवं जिला सभा के अध्यक्ष डॉ. अवनीश द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किए गए। कार्यक्रम के समापन पर आभार प्रदर्शन जिला सभा के सचिव अशोक कोठारी ने किया।

## मानसिक स्वास्थ्य जागरुकता कार्यशाला का आयोजन आज

**मुरैना, 12 अप्रैल।** मानसिक स्वास्थ्यय जागरुकता विषय पर आधारित सेवा विभाग कार्यशाला का आयोजन आज 13 अप्रैल को किया जाएगा। यह कार्यशाला सोमवार की सुबह 10 बजे मुरैना शहर के शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक-1 में आयोजित होगी। इस कार्यशाला में जिला अस्पताल मुरैना की मनोरोग विशेषज्ञ डॉ. अमृत राजे मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगी। सेवा विभाग के विभाग सह सेवा प्रमुख कमलेश राठौर, जिला सेवा प्रमुख जितेन्द्र डण्डौतिया और विभाग सेवा स्वास्थ्य आयाम प्रमुख ओडी शर्मा ने अपेक्षित लोगों से कार्यशाला में निर्धारित समय से 10 मिनट पूर्व पहुंचनें का आग्रह किया हे।

# हत्या के मामले में 3 महीने से फरार भूरा गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 अप्रैल।** अंबाह थाना पुलिस ने हत्या के मामले में विगत तीन महीने से फरार चल रहे आरोपी भूरा सखवार को 12 अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया। उसकी गिरफ्तारी पर पुलिस की ओर से 5 हजार रूपये का ईनाम भी घोषित किया गया था। जानकारी के अनुसार अंबाह थाने में हत्या की धाराओं में दर्ज अपराध क्रं. 17/2026 में नामजद भूरा उर्फ दीपक सखवार घटना के बाद से ही फरार बना हुआ था। उसे गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की ओर से 5 हजार रूपये का ईनाम भी घोषित किया गया था। 12 अप्रैल को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने मुरैना रोड पर ग्यासीपुरा तिराहे के पास से भूरा को दबोच लिया। हत्या के इस मामले में नामजद तीन अन्य आरोपियों को पुलिस पूर्व में ही गिरफ्तार कर चुकी है।

**गिरफ्तार करने वाली टीम में यह रहे शामिल :** निरीक्षक वीरेश कुशवाह, एसआई प्रज्ञाशील, चेतन सिंह, ममता गुर्जर, एएसआई यशवंत सिंह, प्र.आर. सियाराम, सत्यवीर सिंह, रविन्द्र शर्मा, आरक्षक जगमोहन, प्रमोद कुशवाह, रविन्द्र सिंह, आरक्षक चालक राकेश जाट, दिनेश कैम, जोगेन्द्र सिंह, धर्मेन्द्र परमार हत्यारोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में शामिल थे।

# जनहितैषी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का कार्य करें



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 12 अप्रैल।** भाजपा के मुरैना पूरब एवं दक्षिण मंडल की नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों का पूर्व विधायक रघुराज सिंह कंषाना ने रविवार को स्वागत एवं सम्मान किया। सम्मान समारोह का आयोजन रेस्ट हाऊस परिसर स्थित पूर्व विधायक श्री कंषाना के जनसंपर्क कार्यालय पर हुआ।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक श्री कंषाना ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। इस मौके पर श्री कंषाना ने कहा कि भाजपा संगठन में पदाधिकारी और सदस्य सभी सदस्य एक परिवार की भांति है। उन्होंने कहा कि भाजपा रूपी वटवृक्ष की जड़ों को मजबूत बनाए रखने के लिए हम सबको मिलकर संगठन की नीति-रीति से आमजन को अवगत कराकर उन्हें संगठन से जोड़ना होगा। श्री कंषाना ने पदाधिकारियों से कहा कि वे भाजपा सरकार की जनहितैषी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचानें के लिए प्राणपण से जुट जाएं। इस मौके पर भाजपा के दक्षिण मंडल अध्यक्ष धीरज शर्मा सोनू, पूरब मंडल अध्यक्ष दिलीप पिप्पल सहित दोनों मंडलों के नवनियुक्त पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

# विद्युत लाइन नीचे झूलने से एक सप्ताह में दो गौवंश की मौत



**नवभारत न्यूज**
**सबलगढ़, 12 अप्रैल।** सबलगढ़ सबलगढ़ तहसील के ग्राम संतोषपुर के पास सिद्ध स्थान बाटका तोर के खेतों में विद्युत लाइन जमीन को छूती नजर आ रही है इन जमीन पर झूल रही विद्युत लाइनों ने विगत एक सप्ताह में एक गाय ओर एक गौ बंश की जान ले ली है गनीमत यह रही है कि अभी तक किसी मनुष्य की जान नहीं गई ग्रामीणों ने कांग्रेस के जिला महासचिव सुरेंद्र सिंह जादौन के नेतृत्व में 10 अप्रैल को विद्युत मंडल के डिवीजनल अधिकारी मौर्य को एक आवेदन दिया था जिसमें उन्होंने कहा कि खेतों में कटाई का कार्य चल रहा है खेतों में झूल रही विद्युत लाइनों से एक सप्ताह में दो गौ बंश की मौत हो चुकी है ग्रामीणों ने राहुल रावत लाइनमैन को कई बार कहा है कि इन विद्युत लाइनों को ऊंचा कर दो लेकिन अभी तक खेतों में झूल रही विद्युत लाइनों को ऊंचा नहीं किया गया गर्मी के इस मौसम में तेज हवाएं चल रही है ऐसे में यह खेतों में झूल रहे विद्युत तार किसी की जान ले सकते हैं ओर गंभीर हादसा हो सकता हैं।




# डिगवार में चल रही कथा में राजा परीक्षित और सुखदेव की कथा सुनाई

**सबलगढ़, 12 अप्रैल।** सबलगढ़ के ग्राम डिगवार में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में भागवताचार्य पंडित दिनेश मुद्गल शास्त्री ने श्रद्धालुओं को गहन अध्यात्मिक संदेश दिए उन्होंने कहा कि इस संसार में यदि कोई सत्य है तो वह केवल परमात्मा है जबकि बाकी सब माया का भ्रम है मनुष्य इस माया में फंसकर असत्य को ही सत्य मान बैठता है और अपने वास्तविक स्वरूप को भूल जाता है कथा वाचक मुद्गल ने बताया कि श्रीमद् भागवत पुराण में वर्णित राजा परीक्षित की कथा अत्यंत प्रेरणादायक है राजा परीक्षित अर्जुन के पोत्र और अभिमन्यु के पुत्र थे जो धर्म निष्ठ और न्याय प्रिय शासक थे एक बार शिकार के दौरान प्यास से व्याकुल होकर वे शमीक ऋषि के आश्रम पहुंचे जहां ध्यान मग्न ऋषि ने उनकी ओर ध्यान नहीं दिया इसे अपमान समझ कर राजा ने क्रोध में मृत सर्प उनके गले में डाल दिया बाद में उन्हें अपनी गलती का पश्चाताप हुआ लेकिन ऋषि के पुत्र श्रंगी ने उन्हें 7 दिन में तक्षक नाग के डशने का श्राप दे दिया श्रा प का समाचार मिलते ही राजा ने बैराग्य धारण कर गंगा तट पर तपस्या शुरू की वही सुखदेव जी पहुंचे और उन्होंने 7 दिनों तक भागवत कथा सुनाई कथा में भक्ति ज्ञान और भगवान श्री कृष्ण की लीलाओं का वर्णन हुआ,,

**मनुष्य को वास्तविक जीवन बताती है भागवत कथा :** श्रीमद् भागवत कथा मनुष्य को जीवन का वास्तविक उद्देश्य समझती है इसका मुख्य संदेश है कि संसार अस्थाई है और परमात्मा की शाश्वत सत्य है भक्ति बैरागी और सत्संग के माध्यम से ही मनुष्य मोक्ष प्राप्त कर सकता है कथा यह भी सिखाती है की मृत्यु निश्चित है इसलिए जीवन का हर क्षण सार्थक बनाना चाहिए भगवान का नाम स्मरण और उनकी शरण में रहना ही सबसे बड़ा सहारा है राजा परीक्षित की कथा यह प्रेरणा देती है की अंतिम समय में भी यदि मन भगवान में लीन हो तो मुक्ति संभव है कथा मे राजनीतिक सामाजिक वरिष्ठ नागरिक बुजुर्ग महिला एवं पुरुष ग्रामीण क्षेत्र के लोग सैकड़ो की संख्या में कथा श्रवण करनेपहुचे कथा के तीसरे दिन ध्रुव प्हलाद चरित्र एवं भगवान के वाल वामन की कथा आचार्य द्वारा श्रवण कराई जायेगी।

# 14 को बागी समर्पण दिवस पर होगी विचार गोष्ठी

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 12 अप्रैल।** बागी आत्म समर्पण के 54 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर कल 14 अप्रैल को महात्मा गांधी सेवा आश्रम जौरा में राष्ट्रीय स्तर की विचार गोष्ठी का आयोजन होगा। आयोजन एकता परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक एवं महात्मा गांधी सेवाश्रम जौरा के अध्यक्ष पीव्ही राजगोपाल राजू भाई के मार्गदर्शन एवं सान्निध्य में होगा।



14 अप्रैल को होने वाली इस विचार गोष्ठी में प्रख्यात समाजवादी, गांधीवादी, अंबेडकरवादी चिंतक, वरिष्ठ पत्रकार, आत्मसमर्पित बागी और देश भर से प्रतिनिधि भाग लेंगे।

**महात्मा गांधी सेवाश्रम जौरा में होगा आयोजन**




जानकारी के अनुसार 14 अप्रैल को प्रात: 9 बजे से 11 बजे तक समर्पण करने वाले बागियों का स्वागत एवं सम्मान किया जाएगा। पूर्वान्ह 11.30 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक संगोष्ठी होगी। संगोष्ठी का विषय अहिंसक समाज रचना की संभावना चंबल घाटी में और चंबल घाटी से आगे तक रहेगा। अपरान्ह 3 से शाम 5 बजे तक स्व. एसएन सुब्बाराव की स्मृति व्याख्यान में विख्यात समाजवादी चिंतक रघु ठाकुर एवं वरिष्ठ पत्रकार जयंत तोमर वक्ता के रूप में मौजूद रहेंगे।

**विचार गोष्ठी ने इन वक्ताओं की रहेगी मौजूदगी :** मप्र शासन की पूर्व डीजीपी सुश्री अनुराधा शंकर, भोपाल के वरिष्ठ पत्रकार राकेश दीवान, नई दिल्ली के पत्रकार भारत डोगरा, प्रदीप शर्मा प्रयागराज, मनोज झा भागलपुर बिहार, गांधीवादी एकता परिषद की कार्यकर्ता सुश्री जिल कार हैरिस विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

## आज दिमनी में निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे विस अध्यक्ष तोमर

**मुरैना, 12 अप्रैल।** मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर आज 13 अप्रैल को दिमनी विधानसभा क्षेत्र में दो निर्माण कार्यो का भूमिपूजन करेंगे। जानकारी के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर 12 अप्रैल को भोपाल से प्रस्थान कर रात्रि 8 बजे मुरैना आकर रात्रि विश्राम करेंगे। 13 अप्रैल को श्री तोमर दिमनी विधानसभा क्षेत्र के पंचमपुरा में प्रात: 11 बजे और जौंहा में दोपहर 01 बजे सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन करेंगे।